बेहतर भविष्य के लिए देश के समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लें : मीनाक्षी लेखी

रांची | आईआईएम रांची में टेडएक्स के 9वें एडिशन का आयोजन किया गया। इसमें देश के कई जाने-माने लोगों ने स्पीकर के रूप भाग लिया। जिसमें केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, पीएम काउंसिल ऑन क्लाइमेट चेंज की सदस्य ज्योति पारीख, शेफ अजय चोपड़ा, पूर्व आईपीएस राजन सिंह, जर्नलिस्ट दीपिका नारायण भरद्वाज, जाने-माने पायलट कपल तपेश कुमार व प्राची गोस्वामी, एक्टर व फेमिना मिस इंडिया की रनरअप रह चुकीं मान्या सिंह, फैशन डिजायनर आकिब वाणी स्पीकर के रूप में शामिल रहे। मीनाक्षी लेखी ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए देश के समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह विचारों का उत्सव है। उन्होंने विचारों की शक्ति को बेहतर दुनिया के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया।

Dainik Bhaskar, 05.02.2023, Pg. 02